# आरोपी पुलिसकर्मियों को जेल

## उदित गायकी हत्याकांड

## पुलिस ने नहीं मांगी रिमांड

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 12 अक्टूबर. इंजीनियरिंग छात्र उदित गायकी की मौत के मामले में आरोपी 2 पुलिसकर्मियों को रविवार को जेल भेज दिया गया. इससे पहले शनिवार को देर रात आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया. कोर्ट में जज ने सुनवाई करते हुए आरोपियों को 15 दिन की जेल पर भेज दिया है.**

सूत्रों के हवाले से जानकारी सामने आई है कि आरोपियों को रिमांड पर लेने की भी मांग पुलिस ने नहीं की. छात्र की मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई पर लगातार सवाल उठ रहे हैं. वहीं इससे पूर्व मामले की पुलिस जांच में मृतक की पिटाई की बात का जिक्र नहीं किया गया है.

जानकारी सामने आई है कि मृतक के परिजन मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से मुलाकात कर सीबीआई जांच की मांग कर सकते हैं. उधर उदित गायकी की अंत्योष्टि भी परिजन कर चुके हैं. इस मौके पर परिवारजनों के साथ क्षेत्र के लोग और बड़ी संख्या में छात्र भी शामिल हुए.

कॉन्स्टेबल संतोष बामनिया और सौरभ आर्य पर मृतक छात्र के साथ बर्बता करने का आरोप है. घटना को लेकर सवाल यह भी खड़े हो रहे हैं कि आरोपियों ने जिस डंडे से और बंदूक की बट से मृतक पर हमला किया था. वह भी अभी तक जब्त नहीं की गई है. आरोपियों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर के अनुसार घटना स्थल के दौरान मौजूद 3 लड़कों के नशे में होने और पुलिस को धमकाने का जिक्र किया है. उदय गायकी पर पुलिस के हल्का बल का प्रयोग करने का वर्णन जांच में किया गया है. उदय गायकी के साथ पुलिस की मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल है. वहीं पीएम रिपोर्ट में मौत का कारण ट्रॉमा अटैक और पेनक्रियाज डेमेज भी बताया गया है.





### नेता के घर में डिलीवरी बॉयज ने की मारपीट

**भोपाल.** कोलार क्षेत्र में एक भाजपा नेता के घर पहुंच कर एक दर्जन से अधिक डिलीवरी बॉयज ने मामूली विवाद की घटना पर मारपीट कर दी. रविवार को मारपीट की घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. घटना शनिवार की बताई जा रही है. मारपीट और बदसलूकी की घटना की जानकारी सामने आने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता हर्षित गुरु की पत्नी ने पार्सल की बुकिंग की थी. कंपनी का एक डिलीवरी बॉय पार्सल लेकर जब पहुंचा, तो उसे हर्षित की पत्नी ने कुछ रुपए नगद और कुछ ऑनलाइन दिए जाने की बात कही. इसी बात को लेकर विवाद होने लगा. विवाद बढ़ने पर डिलीवरी बॉय ने अपने 10 से 12 की संख्या में साथियों को हर्षित के घर बुलाकर मौजूद नौकरों से हाथापाई करनी शुरू कर दी. जानकारी यह भी सामने आई है कि इस दौरान हर्षित की पत्नी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की. घटना को लेकर कोलार पुलिस जांच कर रही है.

### अब कचरे के बदले मिल रहा है दीपावली की सजावट का सामान

**भोपाल.** शहर के तीनों कचरा कैफे अब दीपावली के मौके पर नई पहल के साथ लोगों को अपने पास बुला रहे हैं. यहां अब ग्रॉसरी के साथ-साथ त्योहारी सजावट का सामान भी मिल रहा है. भोपाल नगर निगम की इस अनोखी पहल ने कचरे को करंसी में बदलने की दिशा में एक नया उदाहरण पेश किया है. 10 नंबर, बोट क्लब और बिट्टन मार्केट स्थित कचरा कैफे में लोग पुराने अखबार, कपड़े, प्लास्टिक, ई-वेस्ट, किताबें और खराब उपकरण लेकर आते हैं और बदले में मिलने वाली राशि से चाय-नाश्ता, घरेलू सामान या त्योहार से जुड़ी वस्तुएं खरीदते हैं.

# दीपावली त्योहार के चलते आज से रास्तों में बदलाव

**भोपाल, 12 अक्टूबर. दीपावली त्योहार को देखते हुए शहर के जुमेराती, चौक बाजार, न्यू-मार्केट, 10 नम्बर मार्केट, बैरागढ़ आदि प्रमुख बाजारों में आमजन का आवागमन सामान्य से अधिक रहने की संभावना है.**

नगरीय यातायात पुलिस भोपाल द्वारा विभिन्न बाजारों में इस दौरान उचित यातायात प्रबंधन के लिए पार्किंग और यातायात व्यवस्था को लेकर निर्देश जारी किया है.

➜ **10 नम्बर मार्केट**- 13 से 21 अक्टूबर तक आवश्यकतानुसार आम जन की सुविधा के लिए 10 नम्बर मार्केट की ओर जाने वाले मार्ग को वन-वे किया जाएगा. इसमें वाहन वंदे मातरम् चौराहा से 10 नम्बर मार्केट की ओर प्रवेश कर 10 नम्बर मार्केट तिराहा होते हुए नेशनल अस्पताल की ओर जा सकेंगे. इसी प्रकार साढ़े 10 नम्बर स्टाप से वाहन 10 नम्बर मार्केट तिराहा होते हुए नेशनल अस्पताल की ओर जा सकेंगे.

➜ **न्यू मार्केट** - न्यू मार्केट में टी.टी. नगर थाना चौराहे के पास स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में पर्याप्त पार्किंग स्थान है, जहां न्यू मार्केट आने वाले अपने वाहन पार्क करेंगे. यातायात का अत्याधिक दबाव होने पर रंगमहल चैराहे से थाना चैराहे की ओर एवं टीटी क्रॉस तिराहे से थाना चैराहे की ओर वाहन का आवागमन परिवर्तित मार्ग से किया जावेगा. **मार्गः**-मटका चौराहा, स्पोर्ट मार्ट.

> **पुराना भोपाल बाजार** 13 से 21 अक्टूबर तक दीपावली त्योहार के दौरान आंतरिक बाजार क्षेत्र (जनकपुरी, जुमेराती, छोटे भैया चैराहा, घोड़ा नक्कास चौराहा, हनुमानगंज, आजाद मार्केट) में भोपाल शहर के अलावा अन्य आसपास के शहरों व देहात से भी आम नागरिक (महिला/पुरुष) खरीदी करने आयेगे. उस अवधि में संख्या में भीड़ होने की स्थिति में पुराना शहर क्षेत्रान्तर्गत मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था एवं परिवर्तित मार्ग व्यवस्था आवश्यकतानुसार परिवर्तित रहेगा.

➡ एमपी नगर- एमपी नगर जोन-1 में स्थित मल्टी लेवल पार्किंग एवं अन्य पार्किंग में अपने वाहन पार्क करेंगे.

➡ बैरागढ़- चंचल चैराहा के पास स्थित मल्टी लेवल पार्किंग में सभी व्यापारी अपने वाहन पार्क करेंगे. साथ ही नये ब्रिज निर्माण के कारण छोटे-छोटे पार्किंग स्थल पीडब्लूडी द्वारा तैयार किये जा रहे है. इन स्थान पर ग्राहक कुछ समय के लिए वाहन पार्क कर सकेगें.

➡ व्यापारियों से अनुरोध है कि वाहनों से सामान लोडिंग/अनलोडिंग का कार्य रात्रि-24 बजे से प्रातः-7 बजे तक ही करना सुनिश्चित करेंगे.

# कॉलेज बदलने के लिए आवेदन की आज आखिरी तारीख

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 12 अक्टूबर. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल ने अपने संबद्ध कॉलेजों में पढ़ रहे बीटेक, बीफार्मेसी और बीआर्क के छात्रों के लिए कॉलेज बदलने की सुविधा शुरू की है.**

सत्र 2025-26 के लिए यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. इच्छुक छात्र 13 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. आवेदन केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ही मान्य होंगे. ऑफलाइन माध्यम से कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा. विश्वविद्यालय के अनुसार कॉलेज ट्रांसफर के लिए छात्रों को अपने वर्तमान और इच्छित दोनों कॉलेजों की अनापत्ति प्रिमाण पत्र यानी एनओसी और सभी आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन अपलोड करने होंगे. साथ ही आवेदन की हार्ड कॉपी और मूल एनओसी 13 अक्टूबर तक विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से या स्पीड पोस्ट से जमा करनी होगी. अंतिम तिथि तक बिना हार्ड कॉपी के भेजे गए आवेदन निरस्त कर दिए जाएंगे.





### नो-पार्किंग जोन में पार्किंग

राजधानी के लालघाटी से बैरागढ़ रोड पर नो-पार्किंग जोन में चार पहिया वाहन चालक वाहनों को खड़ा कर रहे हैं, जिससे आवामगन करने वाले राहगीरों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है.

### मानसून की विदाई के बीच बढ़ी ठंड

**भोपाल.** शहर से मानसून तो लौट चुका है, लेकिन इस बीच ठंड ने दस्तक दे दी है. रविवार को न्यूनतम तापमान 17.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम तापमान है. सुबह और शाम के समय ठंडी हवाओं के चलते लोगों ने गर्म कपड़ों का सहारा लेना शुरू कर दिया है. मौसम विभाग के अनुसार, उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में हुई बर्फबारी का असर अब मध्यप्रदेश के मौसम पर दिख रहा है. प्रदेश के कई शहरों में पारा 20 डिग्री से नीचे पहुंच गया है. आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ेगी तथा मध्यप्रदेश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की और गिरावट दर्ज की जा सकती है.

# एनटीए का नया नियम दिसंबर सत्र से होगा लागू

▸ छात्रों को मिलेगा चयन का अवसर

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 12 अक्टूबर. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए ने यूजीसी नेट परीक्षा के नियमों में बड़ा बदलाव किया है. दिसंबर 2025 सत्र से शुरू हो रहे इस नए प्रावधान के तहत उम्मीदवार अब अपनी पात्रता के अनुसार केवल एक ही विकल्प चुन सकेंगे.**

यह बदलाव उन छात्रों के लिए राहत लेकर आया है, जो पहले से नेट या जेआरएफ क्वालिफाई कर चुके हैं. पहले नहीं मिलता था विकल्प अब तक प्रणाली ऐसी थी कि जब कोई छात्र जूनियर रिसर्च फैलोशिप, असिस्टेंट प्रोफेसर पात्रता या पीएचडी में से किसी एक का चयन करता था, तो तीनों विकल्प अपने आप चयनित हो जाते थे. इससे कई बार भ्रम की स्थिति बनती थी, जिसमें पहले से पात्र उम्मीदवारों को अनावश्यक रूप से पुनः आवेदन करना पड़ता था. अब एनटीए ने स्पष्ट किया है कि जिसने पहले ही नेट परीक्षा पास कर ली है, वह केवल पीएचडी का विकल्प भर सकता है. वहीं, जिन अभ्यर्थियों ने पिछले तीन वर्षों में जेआरएफ पास किया है, वे नेट और पीएचडी दोनों का विकल्प चुन सकते हैं.

### फिल्मी अंदाज में भिखारी ने की चोरी

**भोपाल.** चौक बाजार की एक ज्वैलरी दुकान में फिल्मी अंदाज में चोरी हुई. शातिर चोर ने किसी फिल्मी किरदार की तरह घटना को अंजाम दिया. पीड़ित दुकानदार ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस में की है. आरोपी ने खुद को मूक-बधिर होने का इशारा करते हुए ज्वैलरी की दुकान पर पहुंचकर भीख मांगी. भिखारी बहुत देर तक दुकान के अंदर ही खड़ा रहा, उसे जब भीख नहीं मिली तो दुकान के अंदर ही घूमते हुए काउंटर पर रखा चांदी के जेवरों से भरा पर्स चोरी कर लिया. घटना की जानकारी दुकानदार को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर मिली. चोरी गए पार्सल में करीब 1.25 लाख रुपए पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को बताई है.

# मुख्य अभियंता के पद पर नियुक्ति रोकने की मांग

## समता समाधान पार्टी के अध्यक्ष का आरोप

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 12 अक्टूबर. नर्मदा विकास प्राधिकरण (एनडीए) में मुख्य अभियंता धन्नालाल वर्मा के पद नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग की गई. भोपाल में रविवार को समता समाधान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पवार ने वर्मा पर भ्रष्टाचारों के आरोप लगाए.**

पवार ने इसके साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आपत्ति दर्ज कराई है. पवार ने आरोप लगाया कि वर्मा जबलपुर की टनल परियोजना में भारी भ्रष्टाचार में लिप्त रहे हैं.





परियोजना की लागत 800 करोड़ से 1200 करोड़ और अब बढ़कर अब 2300 करोड़ रुपए तक पहुंचने वाली है, जबकि यह कार्य दो वर्षों से अधूरा है और न्यायालय में मामला चल रहा है. उन्होनें यह भी बताया कि वर्मा को पूर्व में सरकार द्वारा दोषी पाए जाने पर दंडित किया गया था और उनकी दो वर्ष की वेतन वृद्धियां रोकी गई है. इसके बावजूद अब उन्हें सदस्य अभियंता जैसे अहम पद पर नियुक्त किया जा रहा है, जो बेहद आपत्तिजनक है.

> पवार ने कहा कि वर्मा ने खुद सरकार को लिखित स्वीकार किया है कि वे सदस्य अभियांत्रिकी पद के योग्य नहीं है. जूनियर अधिकारियों का पद नहीं चाहिए और जूनियर अधिकारियों के अधीन काम करने को तैयार हूं. पवार ने मांग की है कि ऐसे अधिकारी को तत्काल मुख्य अभियंता जबलपुर में पद से हटाया जाए और सदस्या अभियांत्रिकी के पद पर नियुक्ति के संबंध में कोई कार्रवाई न की जाए.

# विचारों का एक आकर्षक संग्रह है पुस्तक

**भोपाल, 12 अक्टूबर. सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक शिव कुमार मोहनका की लिखित पुस्तक का विमोचन किया. नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने इस मौके पर उन्हें शुभकामनाएं भी दी.**

एबव एंड वियोंड-इक्सप्लोरिंग दी अमेजिंग वल्डर ऑफ एविएटशव नामक की 445 पृष्ठों की यह पुस्तक तथ्यों और विचारों का एक आकर्षक संग्रह है, जो न केवल पाठक को उत्साहित करेगी. बल्कि यह सोचने पर भी मजबूर करेगी कि आप उड़ान के विभिन्न पहलुओं के बारे में कितना कम जानते हैं. भारत सरकार के पूर्व



नागरिक उड्डयन मंत्री, सैयद शाहनवाज़ हुसैन ने भी इस कार्य की सराहना करते हुए कहा, मेरा मानना है कि यह पुस्तक भारत और उसके बाहर विमानन के क्षेत्र में बाइबिल का काम करेगी.

> उन्होंने कहा कि अपने पेशेवर अनुभवों और व्यक्तिगत चिंतन के आधार पर, मोहनका विमानन पारिस्थितिकी तंत्र का एक समग्र दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं जिसमें हवाई अड्डे का डिजाइन, एयरलाइन प्रबंधन, क्रू रिसोर्स मैनेजमेंट, यात्री अधिकार, आपातकालीन प्रतिक्रिया और एआई और साइबर सुरक्षा जैसी भविष्य की चुनौतियाँ शामिल हैं.

# नगर निगम में अब नहीं चलेगी हाजिरी में लापरवाही

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 12 अक्टूबर. अब नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी बिना बताए गायब नहीं रह पाएंगे. भोपाल नगर निगम 16 अक्टूबर से फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम लागू करने जा रहा है.**

इस व्यवस्था की टेस्टिंग 10 से 15 अक्टूबर तक की जाएगी. इसके बाद सभी कर्मचारियों की हाजिरी उनके चेहरे और लोकेशन की पहचान से दर्ज की जाएगी. इसके लिए कर्मचारियों को गूगल प्ले स्टोर से एक निर्धारित ऐप डाउनलोड कर उसमें अपना नाम और विभाग दर्ज करना होगा. अटेंडेंस उसी ऐप के माध्यम से ली जाएगी. निगम में वर्तमान में करीब 18 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से करीब 25 प्रतिशत अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं. फेस अटेंडेंस सिस्टम लागू होने के बाद कर्मचारियों की उपस्थिति पर निगरानी आसान हो जाएगी और लापरवाही पर तुरंत कार्रवाई की जा सकती है. भोपाल इस व्यवस्था को लागू करने वाला प्रदेश का पहला नगर निगम होगा.

# आयु छूट न मिलने से युवाओं में नाराजगी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 12 अक्टूबर. प्रदेश में आठ साल बाद निकली सब इंस्पेक्टर भर्ती ने हजारों बेरोजगार युवाओं में असंतोष फैला दिया है. गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय के लिए कर्मचारी चयन मंडल द्वारा निकाली गई एसआई भर्ती 2025 में आयु सीमा में किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी गई है.**

लंबे समय से इंतजार में बैठे अभ्यर्थी अब निर्धारित उम्र से अधिक हो गए हैं. ऐसे में भर्ती प्रक्रिया में किसी भी तरह की आयु छूट नहीं दी गई है. युवाओं का कहना है कि लगभग ढाई लाख अभ्यर्थी केवल आयु सीमा पार होने के कारण भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं.

### 2017 के बाद पहली भर्ती

एसआई पदों पर पिछली भर्ती वर्ष 2017 में हुई थी. इसके बाद आठ साल तक नई भर्ती नहीं निकली. इस लंबे अंतराल में कई उम्मीदवारों की अधिकतम आयु सीमा पूरी हो गई. वर्तमान नियमों के अनुसार वर्दीधारी पदों के लिए अधिकतम आयु 33 वर्ष तय है. कोरोना काल में सरकार ने घोषणा की थी कि आगामी भर्तियों में तीन वर्ष की आयु छूट दी जाएगी. आरक्षक भर्ती 2023 में यह प्रावधान लागू भी हुआ था, लेकिन एसआई भर्ती में यह राहत नहीं दी गई.

> **जनप्रतिनिधियों को सौंपे जा रहे ज्ञापन**
>
> भर्ती नियमों में छूट नहीं मिलने से नाराज युवाओं ने प्रदेशभर में आंदोलन शुरू कर दिया है. सोशल मीडिया पर अभियान चलाया जा रहा है और हर जिले में ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं. युवाओं का कहना है कि सरकार को पुराने वादे के अनुसार तीन वर्ष की आयु छूट लागू करनी चाहिए. बेरोजगारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा. युवाओं ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने राहत नहीं दी तो विरोध और तेज किया जाएगा.

**सावधानी** ▸ दवा गोदामों में अभी भी चार करोड़ से अधिक सिरप की शीशियां रखी हैं

# भोपाल में संदिग्ध सिरप पर सख्ती, राज्य सरकार ने बढ़ाई निगरानी

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 12 अक्टूबर. स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों को दी जा रही कई सिरप की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं. सूत्रों के अनुसार अब भी कई सरकारी अस्पतालों में वितरित की जा रही कुछ सिरप बिना प्रयोगशाला परीक्षण के ही मरीजों को दी जा रही हैं.**

प्रदेशभर में लगभग पांच लाख बच्चों को यह दवाएं दी जा चुकी हैं. दवा गोदामों में अभी भी चार करोड़ से अधिक सिरप की शीशियां रखी हैं, जिनका पूरा परीक्षण नहीं हुआ है. केंद्र सरकार ने सभी राज्यों से इन सिरप की रिपोर्ट मांगी है और वर्ष 2025 तक यूनिफाइड ड्रग रजिस्ट्री बनाने की प्रक्रिया शुरू की है, जिससे किसी भी दवा को बाजार में लाने से पहले उसकी स्वीकृति और गुणवत्ता का रिकॉर्ड ऑनलाइन देखा जा सके. विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक राज्य स्तर पर निगरानी प्रणाली मजबूत नहीं होगी तब तक ऐसी असुरक्षित दवाएं बाजार से पूरी तरह समाप्त नहीं की जा सकेंगी. वहीं दूसरी तरफ सरकारी अस्पतालों और दवा दुकानों में बिना परीक्षण की दवाएं मिलने के बाद राज्य सरकार हरकत में आ गई है. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इस मामले की गंभीरता को



देखते हुए खाद्य और औषधि प्रशासन की समीक्षा करते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए.

राज्य सरकार ने प्रदेशभर में कफ सिरप बनाने वाली दवा कंपनियों की संयुक्त जांच का आदेश दिया है. केंद्रीय औषधि नियंत्रण संगठन और राज्य औषधि विभाग मिलकर निरीक्षण कर रहे हैं. जांच में कोल्ड्रिफ सिरप, रिलाइफ सिरप और रिस्पीफ्रेश टीआर सिरप की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई है. जिसके बाद इन दवाओं की बिक्री और स्टॉक की निगरानी रखी जा रही है.

> **रसायनों की अनिवार्य जांच और बिक्री पर नियंत्रण के नए नियम**
>
> सरकार के अनुरोध पर भारत सरकार ने डायथाइलीन ग्लाइकोल और इथिलीन ग्लाइकोल जैसे रसायनों के परीक्षण को इंडियन फार्माकोपिया के जनरल मोनोग्राफ में शामिल किया है. अब इन रसायनों की जांच दवा निर्माण की अनिवार्य प्रक्रिया का हिस्सा होगी. कोडीन आधारित दवाओं की बिक्री पर भी सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं. अब थोक विक्रेता को एक महीने में अधिकतम एक हजार और खुदरा विक्रेता को पचास बॉटल से अधिक की बिक्री की जानकारी औषधि निरीक्षक को देनी होगी. राज्य में औषधि निगरानी प्रणाली को सशक्त करने के लिए ड्रग मॉनिटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन योजना तैयार की जा रही है.

# तलवार लहराते हुए धराया बदमाश

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 12 अक्टूबर. टीला पुलिस ने एक कुख्यात बदमाश को धारदार तलवार लहराते हुए गिरफ्तार किया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार- रविवार की रात बादमाश फैसल उर्फ चुहा बादशाह कसाई की दुकान के पास धारदार तलवार हवा में लहरा रहा था. बदमाश लोगों को डरा धमका रहा है, जिससे लोग भी डर रहे थे. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस को देखकर भागने लगा ,जिसे घेराबंदी कर पकडा गया.

आरोपी ने पुलिस को अपना नाम और टीलाजमालपुरा का रहवासी बताया. बदमाश के कब्जे से एक धारदार तलवार को मौके पर जप्त किया गया. पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया.

### इनामी फरार बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल.** ऐशबाग थाना पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनामी फरार बदमाश को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से पुलिस ने कट्टा भी बरामद किया है. बदमाश पर कट्टे से फायर कर दहशत फैलाने का आरोप है. आरोपी शुभम राय उर्फ भूरा उम्र 24 साल निवासी बजरिया शातिर बदमाश है, जिसके विरूध्द थाना ऐशबाग के अलावा अन्य थानो में करीवन एक दर्जन से अधिक केस दर्ज है. फरियादी मोहम्मद उस्मान उर्फ बब्बन निवासी जवाहर कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी.